THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

# QUESTION BANK -GRADE 8 [CH -2]

## लाख की चूड़ियाँ

1.लाख की वस्तुएँ सबसे ज्यादा किस राज्य में बनती हैं ?

(a) कर्नाटक

(b) राजस्थान

(c) महाराष्ट्र

(d) पंजाब

2.बदलू कौन था ?

(a) एक किसान था

(b) एक राज मिस्त्री था

(c) एक मनिहार था

(d) एक वकील था

3.बदलू लेखक को मलाई क्यों नहीं खिला पाया ?

(a) उसके घर में उस समय दूध नहीं था

(b) दूध खराब हो गया था

(c) बेरोजगारी के कारण उसकी गाय बिक चुकी थी

(d) इनमें से कोई नहीं

4.वस्तु विनिमय क्या है ?

(a) पैसा देकर वस्तु खरीदना

(b) बाजार से वस्तु न लेना

(c) वस्तु को सीधे उत्पादक से खरीदना

(d) वस्तु के बदले वस्तु लेना

5.'हाथ कटने का' इस कहानी में क्या अर्थ है ?

(a) घायल होना

(b) अपनी बात न कह पाना

(c) हाथों से रोजगार छिनना

(d) काम करने में असमर्थ होना

6'मशीनी युग' के कारण बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

(a) वह बीमार रहने लगा

(b) उसका शरीर ढल गया

(c) वह बेरोजगार हो गया

(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

7.बदलू का मकान किस प्रकार का था ?

(a) खपरैल का बना हुआ था

(b) घास-फूंस का बना हुआ था

(c) कुछ ऊँचाई पर बना था, जिसका वड़ा-सा आँगन था, जहाँ पुराना नीम का पेड़ लगा हुआ था

(d) लकड़ी का बना हुआ था

8.बदलू कहाँ बैठकर लाख की चूड़ियाँ बनाया करता था ?

(a) चौपाल के भीतर

(b) बदलू नीम के पेड़ के नीचे बैठकर लाख की चूड़ियाँ बनाया करता था

(c) दालान में बैठकर

9.बदलू किससे चूड़ियाँ बनाता था ?

(a) बदलू काँच से चूड़ियाँ बनाता था

(b) बदलू हाथी दाँत से चूड़ियाँ बनाता था

(c) बदलू प्लास्टिक से चूड़ियाँ बनाता था

(d) वह लाख से चूड़ियाँ बनाता था

10.बदलू चूड़ियों को किस प्रकार गोल आकार देता था ?

(a) चार-छह मुँगेरियों पर चढ़ाकर

(b) साँचे में दबाकर

(c) हाथों से दवाकर

(d) लोहे के छल्लों से

11.बदलू चूडियों पर रंग कब करता था ?

(a) एक-एक चूड़ी बनाने के बाद

(b) दिन भर चूड़ी बनाने के बाद

(c) एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बनाने के वाद

(d) पूरे सप्ताह काम करने के बाद

12.चूड़ियाँ बनाना बदलू का कैसा पेशा था ?

(a) चूड़ियाँ बनाना बदलू का खानदानी पेशा नहीं था

(b) चूड़ियाँ बनाना बदलू का पैतृक अर्थात् खानदानी पेशा था

(c) चूड़ियाँ बनाना बदलू का मजबूरी का काम था

(d) बदलू ने चूड़ियाँ बनाना शहर में जाकर सीखा था

13.उसकी चूड़ियों की खपत कैसी थी ?

(a) बहुत कम

(b) कभी-कभी बिक्री हो जाती थी

(c) आसपास की स्त्रियाँ उसकी बनाई चूड़ियाँ नहीं पहनती थीं

(d) उसकी बनाई चूड़ियों की खपत खूव थी, क्योंकि गाँव की तथा आस-पास के गाँव की स्त्रियाँ उसी की बनाई चूड़ियाँ पहनती थीं

14.वह चूड़ियाँ किस प्रकार देता था ?

(a) रुपयों के बदले

(b) उधार में

(c) किसी भी सामान के बदले

(d) बदलू अनाज के बदले चूड़ियाँ देता था, वह चूड़ियों को पैसों से नहीं वेचता था

15.बदलू का स्वभाव कैसा था ?

(a) बदलू का स्वभाव अच्छा था, वह कभी किसे से झगड़ता नहीं था।

(b) झगड़ालू

(c) बहस करने वाला

(d) रूखा स्वभाव

16.सुहाग के जोड़े के बदले 'बदलू' को क्या-क्या मिलता था ?

(a) सुहाग के जोड़े के बदले बदलू को पगड़ी, अनाज और उसकी पत्नी को सारे वस्त्र मिलते थे, रुपये गिलते सो अलग

(b) केवल पगड़ी

(c) केवल अनाज

(d) केवल रुपये

17.संसार में बदलू को किस बात से चिढ़ थी ?

(a) टोका-टोकी करने वालों से

(b) प्रशंसा करने वालों से

(c) चूड़ियाँ बनाने वालों से

(d) काँच की चूड़ियों से

18.किसी भी स्त्री के हाथों में काँच की चूड़ियाँ देखकर बदलू को कैसा लगता था ?

(a) वह अंदर-ही -अंदर कुड उठता और कभी -कभी तो दो-चार बातें भी सुना देता

(b) प्रसन्न होता

(c) ईर्ष्या करता

(d) बढ़ावा देता

19.बदलू के अनुसार शहर की औरतें लाख की चूड़ियाँ पहनें तो क्या प्रभाव हो ?

(a) अच्छी लगें

(b) सब खुश हो जाएँ

(c) शहर की औरतें लाख की चूड़ियाँ पहनें तो मोच न आ जाए

(d) उसकी बिक्री बढ़े

20.बदलू लेखक के लिए क्या बचाकर रखता ?

(a) बदलू लेखक के लिए मलाई बचाकर रखता

(b) अमरूद

(c) जलेबी

21.बदलू लेखक को किस कारण बहुत अच्छा लगता था ?

(a) बदलू लेखक को आम खिलाता था

(b) चूड़ियाँ बनानी सिखाता था

(c) लगभग रोज ही लेखक के लिए एक-दो गोलियाँ बना देता

(d) कहानियाँ

# शब्दार्थ

a) चाव - ____________________
b) मचिया - ____________________
c) मनिहार - ____________________
d) पेशा - ____________________

e) खपत - ____________________

f) नाज़ुक - ____________________

g) मुखातिब - ____________________

h) फब - ____________________

i) बखत - ____________________

j) ठिठकना - ____________________

## Answers

a) चाह , रुचि

b) बैठने की पीढ़ी

c) चूड़ी बनानेवाला

d) धंधा , काम

e) माल की बिक्री

f) कोमल

g) देखकर बात करना

h) सजना , शोभा देना

i) वक्त

j) ठहरना

## प्रश्नोत्तर

1.बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से इसलिए जाता था क्योंकि लेखक के मामा के गाँव में लाख की चूड़ियाँ बनाने वाला कारीगर बदलू रहता था। लेखक को बदलू काका से अत्यधिक लगाव था। वह लेखक को ढेर सारी लाख की रंग-बिरंगी गोलियाँ देता था इसलिए लेखक अपने मामा के गाँव चाव से जाता था।
गाँव के सभी लोग बदलू को 'बदलू काका' कहकर बुलाते थे इस कारण लेखक भी 'बदलूमामा' न कहकर 'बदलू काका' कहता था।

2.वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

'वस्तु विनिमय' में एक वस्तु को दूसरी वस्तु देकर लिया जाता था। वस्तु के लिए पैसे नहीं लिए जाते थे। वस्तु के बदले वस्तु ली-दी जाती थी। किन्तु अब मुद्रा के चलन के कारण वर्तमान परिवेश में वस्तु का लेन-देन मुद्रा के द्वारा होता है। विनिमय की प्रचलित पद्धति पैसा है।

3.'मशीनी युग' ने कितने हाथ काट दिए हैं।' - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

इस पंक्ति में लेखक ने कारीगरों की व्यथा की ओर संकेत किया है कि मशीनों के आगमन के साथ कारीगरों के हाथ से काम-धंधा छिन गया। मानो उनके हाथ ही कट गए हों। उन कारीगरों का रोजगार इन पैतृक काम धन्धों से ही चलता था। उसके अलावा उन्होंने कभी कुछ नहीं सीखा था। वे पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी इस कला को बढ़ाते चले आ रहे हैं और साथ में रोज़ी रोटी भी चला रहें हैं। परन्तु मशीनी युग ने जहाँ उनकी रोज़ी रोटी पर वार किया है। मशीनों ने लोगों को बेरोजगार बना दिया।

4.बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी, जो लेखक से छिपी न रह सकी?

बदलू लाख की चूड़ियाँ बेचा करता था परन्तु जैसे-जैसे काँच की चूडियों का प्रचलन बढ़ता गया उसका व्यवसाय ठप पड़ने लगा। अपने व्यवसाय की यह दुर्दशा बदलू को मन ही मन कचौटती थी। बदलू के मन में इस बात कि व्यथा थी कि मशीनी युग के प्रभावस्वरुप उस जैसे अनेक कारीगरों को बेरोजगारी और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। अब लोग कारीगरी की कद्र न करके दिखावटी चमक पर अधिक ध्यान देते हैं। यह व्यथा लेखक से छिपी न रह सकी।